# बाणगंगा में महिला सुरक्षा गार्ड की नृशंस हत्या

▸ हाथ-पैर बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंसा, सहकर्मी से पूछताछ



**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र के नंदबाग इलाके में शुक्रवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक महिला की उसके ही घर में बेरहमी से हत्या किए जाने का मामला सामने आया. हत्यारों ने महिला के हाथ-पैर बांध दिए और आवाज न निकल सके, इसलिए उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया. प्रारंभिक जांच में पुलिस प्रेम प्रसंग या आपसी विवाद की आशंका जता रही है.

पुलिस के मुताबिक, 35 वर्षीय मृतका गायत्री पति सुनील कुर्मी टीसीएस कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत थी और मूल रूप से छिंदवाड़ा की रहने वाली थी. वह बीते कुछ समय से नंदबाग इलाके में अकेली रह रही थी. गायत्री की ड्यूटी प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे शुरू होती थी, लेकिन शुक्रवार को जब वह तय समय पर ड्यूटी पर नहीं पहुंची, तो कंपनी के सुपरवाइजर बद्रीलाल उसे देखने उसके घर पहुंचे. कमरे के अंदर का मंजर देख वे सन्न रह गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी.

सूचना मिलते ही बाणगंगा पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची. जांच में सामने आया कि उसके हाथ पैर रस्सी से बांधे गए थे और गला घोंटकर उसकी जान ली गई. कमरे में मृतका का टिफिन पूरी तरह तैयार हालत में रखा मिला, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि वह काम पर निकलने की तैयारी में थी, तभी वारदात को अंजाम दे दिया गया. पुलिस की प्रारंभिक पड़ताल में यह भी सामने आया है कि गायत्री अपने पति से अलग रह रही थी और उसकी कोई संतान नहीं थी.

### हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग या आपसी विवाद की आशंका

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मृतका के साथ काम करने वाले एक सहकर्मी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. पुलिस को आशंका है कि हत्या के पीछे प्रेम संबंध या आपसी विवाद कारण हो सकता है. बहरहाल, बाणगंगा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया है और मृतका के छिंदवाड़ा में रहने वाले माता-पिता को घटना की सूचना दे दी गई है. हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल्स, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच में जुटी हुई है.

# तीन बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

▸ घटना के समय मायके गई हुई थी पत्नी



**इंदौर.** चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. मृतक तीन बच्चों का पिता था और ठेकेदारी का काम करता था. घटना के समय उसकी पत्नी मायके गई हुई थी.

घटना न्यू व्यास नगर की है, जहां रहने वाले 38 वर्षीय संजय पिता मांगीलाल गुरुवार रात अपने कमरे में सोने गया था. शुक्रवार सुबह काफी देर तक बाहर नहीं निकलने पर उसकी मां उसे जगाने कमरे में पहुंची, जहां वह फंदे पर लटका मिला. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. चंदन नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है. मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है.

## एक नजर में

### श्री एकेडमी में बसंत पंचमी व पराक्रम दिवस मनाया



**महू.** ग्राम कोदरिया स्थित श्री एकेडमी में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की विशेष आराधना एवं स्तुति का आयोजन हुआ. सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक पीले रंग की पोशाक में देवी मां सरस्वती की आराधना करने के लिए विद्यालय पहुंचे. इस दौरान भारत माता के वीर सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती भी पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई. सर्वप्रथम संस्था के डायरेक्टर डॉ. राजेश कुमार पाटीदार एवं नन्हे विद्यार्थियों ने मां सरस्वती, भगवान गणेश, भारत माता, शहीद सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया. सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मां सरस्वती का पूजन किया. अंत में सभी ने मिलकर मां सरस्वती की आरती एवं मंत्रों के माध्यम से आराधना की. वहीं, प्राथमिक और पूर्व प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने संस्था प्राचार्य डॉ. हेमलता पाटीदार के साथ मां सरस्वती का पूजन एवं आव्हान मंत्रों के माध्यम से किया. कार्यक्रम का संचालन संदीप पाल और आरती रायक ने किया. कार्यक्रम का संयोजन स्कूल को-ऑर्डिनेटर मंजूबाला राठौर, रीतिका भादव्या और सुदर्शन पाटीदार ने किया.

### श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकली



**महू.** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शुक्रवार को श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकाली गई. यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त निशान लेकर झूमते-गाते गोपाल मंदिर पहुंचे. यात्रा में लग रहे जय श्री श्याम के जयघोष से पूरा शहर गूंज उठा. निशान यात्रा समिति के संयोजक नितेश शर्मा एवं अध्यक्ष रितेश कौशल ने बताया कि चक्की वाले महादेव से प्रारंभ होकर महू नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यात्रा गोपाल मंदिर पर पहुंची. यात्रा में ऊंट, घोड़े, भगवान की आकर्षक झांकियां, बाबा श्याम का दिव्य दरबार, सांवरिया सेठ का दिव्य दरबार आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे. निशान यात्रा में प्रसिद्ध भजन गायक द्वारा की जा रही सुमधुर भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूमते हुए नजर आए. निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी बाबा के निशान को उठाकर बाबा की भक्ति में ओत-प्रोत दिखे. गोपाल मंदिर पर निशान चढ़ाने के बाद अब समस्त निशान खाटू श्याम धाम में 25 जनवरी को अर्पित किए जाएंगे.

### एएचओडीएस हाइड्रोजन किट- एक क्रांतिकारी कदम

**इंदौर.** एएचओडीएस टेक्नोलॉजीज का स्वदेशी हाइड्रोजन डुअल फ्यूल किट (एचडीएफके), जिसे कंपनी ने पेटेंट भी कराया है, वाहनों और डीजल जनरेटरों में उत्सर्जन और जीवाश्म ईंधन की खपत कम करने के लिए एक बेहद प्रभावी समाधान बनकर उभरा है. इस नवाचार को हाल ही में तब बड़ी सफलता मिली जब इसे विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में आयोजित एक समारोह में बेस्ट इमर्जिंग हाइड्रोजन मोबिलिटी वेंचर के लिए प्रतिष्ठित एनर्शिया अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया. आईआईटी दिल्ली में विकसित, एएचओडीएस हाइड्रोजन डुअल फ्यूल किट अपने आप में एक अनोखा आविष्कार है जो टेलपाइप उत्सर्जन (धुए) में 70 प्रतिशत तक की कमी और ईंधन में लगभग 20 प्रतिशत तक की बचत करता है. यह तकनीक ऑटोमोटिव, बिजली उत्पादन, भट्टियों, बॉयलर, कृषि मशीनरी और औद्योगिक अनुप्रयोगों सहित कई क्षेत्रों के लिए उपयोगी है, जो इसे स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने का एक व्यावहारिक और कारगर उपाय बनाती है. इस किट को विभिन्न उद्योगों जैसे कि पेय पदार्थ, विनिर्माण, वस्त्र और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में डीजल पावर जनरेटरों में सफलतापूर्वक लगाया जा चुका है.

### बॉलीवुड के 5 सितारे कॉमेडी के बेताज बादशाह

**इंदौर.** ज़ी5 पर मस्ती 4 की रिलीज के साथ ही हिंदी सिनेमा के दिग्गज कॉमेडी कलाकार एक बार फिर से साथ नजर आने वाले हैं, तो आइए उन 5 अभिनेताओं के बारे में जानें. इसमें पहले हैं रितेश देशमुख. सिचुएशनल कॉमेडी की बात की जाए, तो इसमें बहुत ही कम अभिनेताओं ने रितेश देशमुख की तरह महारत हासिल की है. दूसरे हैं अक्षय कुमार. अगर कॉमेडी का कोई सिलेबस होता, तो अक्षय कुमार उसमें एक पूरा अध्याय होते. तीसरे कुणाल खेमू. कुणाल खेमू किसी जबरदस्त किरदार के बिना भी अभिनय से दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचने में माहिर हैं. अरशद वारसी की बाते करें तो अरशद ने कॉमेडी को एक नया अंदाज़ दिया, जो बहुत ही सहज और ज़मीन से जुड़ा होने के साथ-साथ बिल्कुल हकीकत जैसा लगता है. वहीं विवेक ओबेरॉय की बात की जाए तो विवेक की कॉमेडी दर्शकों को इसलिए पसंद आती है, क्योंकि वे अपने किरदारों में बहुत ज्यादा उत्साह और सादगी के बीच कमाल का संतुलन बनाए रखना जानते हैं. 23 जनवरी से सिर्फ़ ज़ी5 पर मस्ती 4 की स्ट्रीमिंग का आनंद लें.

### कमल नयन बजाज की जयंती पर श्रद्धांजलि वीडियो जारी

**इंदौर.** कमल नयन बजाज की 111वीं जयंती के अवसर पर, शिशिर बजाज के नेतृत्व में बजाज परिवार ने एक विशेष ए आई-निर्मित श्रद्धांजलि वीडियो जारी किया, जो उस महान व्यक्तित्व के असाधारण जीवन और युग को जीवंत करता है, जिन्होंने बजाज समूह की सच्ची उद्यमशील नींव रखी और भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. वीडियो कमल नयन बजाज की उस यात्रा को दर्शाता है जिसमें वे महात्मा गांधी से प्रेरित एक युवा स्वतंत्रता सेनानी से एक दूरदर्शी उद्योगपति और राष्ट्र निर्माता बने. वे मानते थे कि व्यवसाय केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र की सेवा करने का एक देशभक्ति कर्तव्य है. बजाज फाउंडेशन के चेयरमैन शिशिर बजाज ने कहा- मेरे पिताका मानना था कि जो हम बनाते हैं वह टिकाऊ होना चाहिए, और जो टिकाऊ हो, उसे समाज की सेवा करनी चाहिए।उनकेलिएउद्योग, सार्वजनिक सेवा और सामाजिक संस्थान तीनों राष्ट्र निर्माण के अविभाज्य स्तंभ थे. यह श्रद्धांजलि हमारी ओर से आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाने का एक विनम्र प्रयास है कि मूल्य-आधारित उद्यमिता व्यवसाय और समाज दोनों को रूपांतरित कर सकती है.

# स्कीम नं. 78 में 64 लाख रुपए का प्लॉट सस्ते में दिलाने का दिया झांसा

**इंदौर.** लसुड़िया थाना क्षेत्र में प्लॉट दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. स्कीम-78 में 64 लाख रुपए कीमत का प्लॉट सस्ते दाम पर दिलाने का झांसा देकर फरियादिया से ऑनलाइन और नकद रूप में 8 लाख 46 हजार रुपए ऐंठने वाले शातिर जालसाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि फरियादिया वर्षा पति रोहित नायर, निवासी बीआरजी सांग्रीला कॉलोनी, लसुड़िया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि शिक्षक नगर, एयरपोर्ट रोड निवासी गोल्डी राठौर ने वर्ष 2022 में स्कीम-78 में 2380 वर्गफीट का प्लॉट दिलाने का भरोसा दिलाया. आरोपी ने प्लॉट दिखाकर सौदा कराने की बात कही और फरियादिया से अलग-अलग समय पर ऑनलाइन व नकद माध्यम से 8 लाख 46 हजार रुपए ले लिए थे.



रकम लेने के बाद न तो प्लॉट का सौदा कराया और न ही पैसे वापस किए. काफी समय तक टालमटोल करने के बाद आरोपी फरार हो गया. मामले की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी. जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी गोल्डी पिता सत्यनारायण राठौर, निवासी शिक्षक नगर, एयरपोर्ट रोड को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य संभावित पीड़ितों और लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है.

# शादी का झांसा देकर ब्लैकमेलिंग, 30 लाख रुपए ठगे

▸ मुंबई निवासी आरोपी युवक पर मामला दर्ज

▸ खुद को दुबई का बिजनेसमैन और पिता को आयकर अधिकारी बताया

**इंदौर.** खजराना पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर मुंबई में रहने वाले युवक के खिलाफ शादी के नाम पर धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग और रुपये की वसूली का मामला दर्ज किया है. पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने झूठी पहचान बताकर विश्वास में लिया और फिर निजी वीडियो के जरिए उसे डराकर बड़ी रकम ऐंठ ली.

थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि 33 वर्षीय पीड़िता श्रीरामकृष्ण कॉलोनी की निवासी है, जिसने करीब पांच साल पहले शादी डॉट कॉम पर प्रोफाइल बनाई थी. इसी प्रोफाइल से नंबर लेकर नितेश कुमार उर्फ राहुल पिता राजेश धीया, निवासी आंबेडकर चौक, जयपुर ने संपर्क किया और शादी को लेकर बातचीत शुरू की. आरोपी ने खुद को दुबई का बिजनेसमैन और पिता को आयकर अधिकारी बताया, जबकि मां को सरकारी शिक्षिका बताया.

**बिजनेस में घाटा व अन्य बहानों से जमा कराए रुपए-** बातचीत आगे बढ़ने पर आरोपी ने व्हाट्सएप और वीडियो कॉल पर संपर्क बढ़ाया. इसी दौरान उसने शादी का भरोसा देकर वीडियो कॉल पर आपत्तिजनक स्थिति में आने को कहा और कॉल की रिकॉर्डिंग कर ली. इसके बाद आरोपी ने बिजनेस में घाटा, दुबई में शिकायतें, रुपये लौटाने और पूजा पाठ के बहाने अलग-अलग किस्तों में पैसे मांगने शुरू कर दिए. पीड़िता का आरोप है कि परिवार से मिलवाने की बात टालते हुए आरोपी लगातार बहाने बनाता रहा.

### पहले से शादीशुदा निकला आरोपी

शक होने पर जब पीड़िता ने सोशल मीडिया से जानकारी जुटाई तो पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और उसका एक बेटा भी है. पूछने पर आरोपी ने पत्नी से विवाद और कोर्ट केस का हवाला दिया. इस बीच आरोपी और उसके साथियों ने करीब 30 लाख रुपए वसूल लिए. एक बार कॉल कर यह भी कहा गया कि उसके यहां सीबीआई और इनकम टैक्स की रेड पड़ी है और तत्काल पैसों की जरूरत है. बाद में जेल होने और बाहर आकर शादी करने का झांसा भी दिया.

### पैसे वापस मांगने पर दी धमकियां

जांच में सामने आया कि आरोपी मुंबई में रह रहा है. वहां पहुंचने पर उसके परिजनों ने जान से मारने की धमकी दी. बाद में इंदौर आकर फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी. शुरुआत में शिकायत न करने पर पैसे लौटाने का भरोसा दिया. लेकिन बाद में धमकियां बढ़ती गई. इसके बाद पीड़िता ने परिवार को जानकारी दी और खजराना थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई.

# तिलक नगर में वाहनों में आग लगाने वाले आरोपी को दबोचा

▸ पारिवारिक तनाव और आपसी रंजिश के चलते दिया वारदात को अंजाम



**इंदौर.** तिलक नगर थाना क्षेत्र में वाहनों में आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. आरोपी ने पारिवारिक तनाव और आपसी रंजिश के चलते इस घटना को अंजाम दिया था.

थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया कि मंगलवार 21 जनवरी की रात करीब एक बजे फरियादी अंजली राय और पति विश्वजीत राय अपने घर में सो रहे थे. इसी दौरान बाहर से शोर सुनकर बाहर निकलीं तो उनकी एक्टिवा स्कूटी और साइकिल में आग लगी हुई थी. आग की चपेट में पड़ोसी की मोटरसाइकिल भी आ गई, वहीं घर को भी नुकसान पहुंचा. सूचना पर आरोपी के खिलाफ आगजनी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई. मामले को लेकर पुलिस की विशेष टीम गठित की गई.

### मानसिक रूप से बीमार है आरोपी

पुलिस टीम ने जांच के दौरान साक्षियों के कथन के आधार पर 51 वर्षीय बंटी सरकार निवासी स्कीम नंबर 140 को आरोपी पाया. जांच में सामने आया कि आरोपी मामा के बेटे से नाराज था और इसी गुस्से में उसकी व पास में खड़े वाहन में आग लगा दी. आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जहां से उसे जेल भेज दिया. वहीं परिजनों का कहना है कि आरोपी मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ नहीं है और पहले भी स्वयं को चोट पहुंचा चुका है. पत्नी और बच्चों के उसे छोड़कर चले जाने से वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था.

## चार स्थानों पर चोरों ने बोला धावा

**इंदौर.** शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी की अलग-अलग चार घटनाएं सामने आई हैं. सभी मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना एरोड्रम क्षेत्र के केदार नगर निवासी महेश मालवीय ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि देर रात करीब 2 से 4 बजे के बीच वह घर से बाहर गए थे. वापस लौटने पर देखा कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी का कीमती सामान चोरी कर लिया. इसी तरह संयोगितागंज क्षेत्र में श्रद्धानंद मार्ग स्थित देवधर कॉम्पलेक्स में गुमटी संचालक कुंज बिहारी कौशल ने शिकायत की रात गुमटी बंद कर घर गए थे. सुबह लौटने पर गुमटी से सिगरेट, पान मसाला, चॉकलेट, बिस्किट सहित करीब 8 हजार रुपए का सामान और नकदी चोरी हो गई है. इसी तरह क्षिप्रा क्षेत्र अंतर्गत लसुडिया परमार स्थित एक वेयरहाउस से चोरी का मामला सामने आया है. फरियादी राकेश ठाकुर ने बताया कि पिछले दिनों रात अज्ञात बदमाश गोदाम से गैस चूल्हे, रूम हीटर, पानी के पंप, पंखे, सोलर इन्वर्टर सहित अन्य घरेलू इलेक्ट्रिक सामान चोरी कर ले गए. पुलिस ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मारी, तीन घायल

**इंदौर. शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के चलते दो सड़क हादसे सामने आए हैं. एक मामले में एक ट्रैक्टर की टक्कर से तीन युवक घायल हुए हैं, जबकि दूसरे हादसे में एक ट्रैवलर वाहन की टक्कर से एक कार को नुकसान पहुंचा है. पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

खजराना क्षेत्र की स्कीम नंबर 134 स्थित स्टार चौराहा वृद्धाश्रम के पास एक ट्रैक्टर ने सामने से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. ट्रैक्टर नम्बर यूपी 94 एई 1483 का चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए आया और सामने से टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक गिर पड़े. हादसे में 18 वर्षीय तोफिक कुरेशी को दाहिने पैर के पंजे, घुटने के नीचे और पीठ में चोट आई, वहीं साथी अयान खान को मुंह, जबड़े और दाहिने पैर के पंजे में चोटें आई. एक अन्य युवक को मामूली चोटें आई हैं. पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है.

दूसरा मामला थाना कनाड़िया क्षेत्र का है, बिचौली हप्सी ब्रिज बायपास पर फोर्स ट्रैवलर ने पीछे से एक कार को टक्कर मार दी. फरियादी पूनमचंद राणे के अनुसार ट्रैवलर चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए आया और कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार का पिछला बंपर, डिग्गी और कांच क्षतिग्रस्त हो गए. पुलिस ने ट्रैवलर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत

नेमावर रोड स्थित प्रभु तौल कांटा के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई. घटना देर रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है. आजाद नगर थाना प्रभारी लोकेश भदौरिया ने बताया कि मृतक की पहचान 51 वर्षीय राजेन्द्र के रूप में हुई है. वह नेमावर रोड पर प्रभु तौल कांटा के पास मौजूद था, तभी ट्रक नम्बर एमपी 09 एचजी 2508 के चालक ने तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया. पुलिस ने मर्ग कायम कर ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है.

**एक नजर में** ▸ वर्षों से चल रहे निरंतर सड़क निर्माण कार्यों में देरी से बन रही ट्रैफिक जाम और सड़क हादसों की स्थिति

# सड़क निर्माण कार्यों की धीमी गति बन रही गंभीर समस्या





**इंदौर. शहर में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे निरंतर सड़क निर्माण कार्यों की धीमी गति ने निवासियों के लिए गंभीर समस्या खड़ी कर दी है. इससे न केवल ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है, बल्कि कई मामलों में सड़क हादसे भी सामने आए हैं. सड़क निर्माण कार्यों की धीमी गति का मुख्य कारण बजट की कमी और ठेकेदारों का भुगतान न होना प्रतीत हो रहा है, जो नगर निगम की प्रशासनिक और वित्तीय चुनौतियों को रेखांकित करता है. अतिक्रमण हटाने में देरी और योजना में कमी भी निर्माण कार्यों की सुस्ती का बड़ा कारण है.**

खजराना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 39 से भी कुछ ऐसा ही एक मामला सामने आया है. इस वार्ड में कई कॉलोनियां आती हैं, जिसके चलते यहां की आबादी लाखों में है. वार्ड में शुभ-लाभ टॉवर से जमजम चौराहा तक बन रही सड़क का कार्य पिछले कई महीनों से चल रहा है. जर्जर हालत में पड़े इस मार्ग का कार्य बड़ी मशक्कत के बाद शुरू हुआ, जो कई बार बीच में रुकते हुए आगे बढ़ रहा है. वर्तमान स्थिति में दिलीप नगर से जमजम चौराहे तक का कार्य पिछले दो महीनों से ठप पड़ा हुआ है. इसके पीछे का कारण भी चौंकाने वाला निकला. निगम द्वारा ठेकेदार को आधे मार्ग का टेंडर दिया गया, जिसका भुगतान भी उसे बड़ी मुश्किलों से मिल पाया. अब उसी ठेकेदार को आगे के कार्य के लिए दोबारा वर्क ऑडर लेना पड़ेगा, जिसे नगर निगम अधिकारी अभी तक पास नहीं कर रहे हैं. निगम अधिकारियों के कारण सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है, जिसके चलते इस मार्ग का यह अधूरा हिस्सा इतना जर्जर हालत में पहुंच गया है कि क्षेत्रवासियों के साथ रहगीरों के लिए भी मुसीबत बन गया है.

### अब दोबारा फाईल लगा रही हूं



ठेकेदार को जितना वर्क ऑडर था, वह काम हुआ, बड़ी मुश्किल से उसे पैसे दिलवाए हैं. निगम ने पिछले सभी वर्क ऑडर निरस्त कर दिये हैं. अब दोबारा फाईल लगा रही हूं. मैं खुद चाहती हूं कार्य जल्दी हो.

- रूबिना खान पार्षद

### यह बोले रहवासी...



यह मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, जिसके चलते वाहनों से पत्थर उडक़र लगते हैं. क्षेत्र में धूल बहुत हो रही है. नल आते हैं तो पूरी सडक़ कीचड़-पानी से भर जाती है.

- मोहम्मद अय्यूब



इस डेढ़ किलोमीटर के मार्ग से तकरीबन एक दर्जन कॉलोनियां जुड़ी हुई हैं, जिससे इस मार्ग पर सुबह से लेकर देर रात तक यातायात का अधिक भार बना रहता है. पक्की सडक़ जल्दी बनना चाहिए.

- मोहम्मद अबरार अंसारी



लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है. उबड़-खाबड़ रोड से वाहन आपस में टकरा रहे हैं. लोग गिरते-पड़ते रहते हैं, जिन्हें चोट भी लगती है. हो सकता है निगम पेमेंट नहीं कर रही हो.

- मोहम्मद रफीक गौरी

## शहर में चार स्थानों से नाबालिग बालिकाओं का अपहरण

**इंदौर.** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में नाबालिग बालिकाओं के अपहरण के चार अलग-अलग मामले सामने आए हैं. सभी मामलों में परिजनों ने अज्ञात आरोपियों पर बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई है. पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है. थाना राजेंद्र नगर क्षेत्र के बुद्ध नगर में रहने वाली लता बाई खराटे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी बेटी को कोई अज्ञात आरोपी बहला-फुसलाकर ले गया. इसी तरह थाना हीरानगर अंतर्गत आदिनाथ नगर निवासी दयाराम छिरा ने शिकायत की कि देर रात उनकी बेटी बिना बताए घर से चली गई, उन्हें आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे बहला-फुसलाकर ले गया है. बाणगंगा क्षेत्र के नरवल सांवेर रोड निवासी ममता ठाठे ने बताया कि उनकी बेटी को अज्ञात आरोपी बहला-फुसलाकर ले गया. वहीं द्वारकापुरी क्षेत्र के अहीरखेड़ी में रहने वाले मदन डोडवे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी बेटी घर से बिना बताए चली गई, परिजनों को किसी अज्ञात आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की शंका है. चारों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अपहृत बालिकाओं की तलाश शुरू कर दी है.